दिनांक-11.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :-

- विजयपुर और बुधनी विधानसभा उप चुनाव के लिये आज चुनाव प्रचार का अंतिम दिन।
- उज्जैन में उप राष्ट्रपति 12 नवंबर को कालीदास समारोह का करेंगे शुभारंभ, औपचारिक कार्यक्रम की हुई शुरूआत।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 22 नवंबर से ज्वार, बाजरा और दो दिसम्बर से धान की होगी खरीदी।
- प्रदेश में बैगलेस डे पर स्कूलों में होगी विभिन्न गतिविधियां स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किये निर्देश।

उपचुनाव-प्रचार

प्रदेश की दोनों विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए आज प्रचार का अंतिम दिन है। सभी राजनीतिक दल और निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रामनिवास रावत के समर्थन में कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक सभा को संबोधित किया। साथ ही कई अन्य प्रचार कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री आज भी विजयपुर में हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु संकल्पित है, इस संकल्प की सिद्धि हेतु विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी विजयी होने जा रहे हैं।

वहीं कांग्रेस की ओर से विजयपुर विधानसभा में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कल जनसंपर्क किया और मढ़ा, इटवई, विजयपुर सेक्टर की बैठक में कांग्रेसजनों से बूथ स्तरीय तैयारियों के संदर्भ में चर्चा की। आज भी श्री पटवारी विजयपुर में हैं।

सीहोर जिले के बुदनी उपचुनाव के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियां पूरी ताकत झोंके हुये हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अर्जुन आर्य भी यहां प्रचार में जुटे हुए हैं। 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए कुल 363 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। कुल 2,76,397 मतदाता इनमें वोट डालेंगे। निर्वाचन के लिए 1597 मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

झारखंड-प्रचार

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त हो जाएगा। इस चरण में 43 विधानसभा सीटों पर इस महीने की 13 तारीख को वोट डाले जायेंगे। एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के स्टार प्रचारक अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मतदाताओं को रिझाने के सभी प्रयास कर रहे हैं। कल भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुमला और बोकारो में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री मोदी ने रांची में रोड शो भी किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में चुनावी रैली की। कांग्रेस और अन्य दल भी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं।

कालिदास समारोह

उज्जैन में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह की औपचारिक शुरुआत कल मां गढ़कालिका की आराधना से हो गई है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सामूहिक श्यामलादण्डकम का पाठ किया।

समारोह की पारंपरिक शुरुआत 12 नवंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ करने जा रहे हैं। कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि परम्परा के अनुसार अखिल भारतीय कालीदास समारोह के औपचारिक शुरुआत के बाद इस वर्ष भी वागर्चन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

18 नवंबर तक चलने वाले समारोह के शुभांरभ के अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा घोषित दो वर्षों के चार विद्याओं में आठ कलाकारों को अलंकरण प्रदान किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री स्वामीनारायण मंदिर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के वडताल में श्री स्वामीनारायण मंदिर के द्विशताब्दी समारोह में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लेंगे। वे इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। वडताल स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर कई दशकों से लोगों के सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

मुख्य न्यायाधीश शपथ

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना आज देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ का स्थान लेंगे, जो रविवार को सेवानिवृत हो गए।

स्व सहायता समूह-छतरपुर-अच्छी खबर

प्रदेश में स्व सहायता समूह महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है वहीं उनमें नया आत्म विश्वास भी दिखाई दे रहा है। छतरपुर जिले में स्व सहायता समूह की महिलाएं टेराकोट से बने खिलौने बनाकर अच्छी आमदानी कर रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट ...

वीओ-संवाददाता

छतरपुर जिले में राष्ट्रीय ग्रामीणआजीविका मिशन के तहत बनाए गए स्व सहायता समूह इन दिनों बेहतर तरीके से काम कर रहे हैं। जिले के धमना ग्राम में गठित रोशनी स्व सहायता समूह की महिलाएं टेराकोटा मिट्टी से बने खिलौने बर्तन इत्यादि बनाने का काम कर रही है। और इन्हें बाजार में विक्रय कर लाभ अर्जित करती हैं जिससे इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है इस बारे में स्व सहायता समूह की सदस्य रोशनी प्रजापति ने बताया...

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन भी इन महिलाओं को तकनीकी मार्गदर्शन और सामग्री विक्रय हेतु बाजार प्रबंधन उपलब्ध उपलब्ध कराता है आजीविका मिशन के राजनगर ब्लॉक प्रबंधक पुष्पेंद्र त्रिपाठी ने बताया ...

बाइट- पुष्पेंद्र त्रिपाठी

कुल मिलाकर स्व सहायता समूह से जुड़कर महिलाओं की आमदनी बढ़ रही है और वह आत्मनिर्भर बन रही है प्रधानमंत्री जी के लखपति दीदी बनाने की योजना कारगर साबित हो रही है।

समर्थन मूल्य

केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता की धान, ज्वार एवं बाजरा का उपार्जन किसानों से किया जाएगा। इसके लिए राज्य शासन ने उपार्जन नीति घोषित कर दी है। ज्वार एवं बाजरा की 22 नवम्बर और धान की खरीदी 2 दिसम्बर से की जायेगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स, नागरिक आपूर्ति निगम तथा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि उपार्जन नीति का पालन सुनिश्चित कराएं।

कॉप 29

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की डॉ. साक्षी भारद्वाज को पर्यावरण क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो रहे ब्व्च्29 आयोजन में भागीदारी के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. साक्षी की भागीदारी गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा 29वां संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 11 से 22 नवंबर 2024 तक अज़रबैजान के बाकू शहर में हो रहा है।

बैगलेस

प्रदेश में कक्षा-6 से 8 तक पढ़ने वाले बच्चों का समग्र विकास के लिये बैगलेस-डे के दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने का निर्णय स्कूल शिक्षा विभाग ने लिया है। इस दिन बच्चों के बीच पढ़ाई के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं व्यावहारिक गतिविधियाँ की जायेंगी। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला शिक्षाधिकारियों और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं।

क्रिकेट- टी20 भारत-दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका ने कल रात गक़ेबरहा में हुए टी-ट्वेंटी के मुकाबले में भारत को तीन विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने भारत की ओर से दिए गए 125 रनों का लक्ष्य 19 ओवर में 7 विकेट पर 128 रन बनाकर प्राप्त कर लिया।

समाचार संक्षेप में .....

- उमरिया जिले के बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र में अचेत अवस्था में मिले हाथी शावक की कल उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल. कृष्णमूर्ति ने बताया कि वन्य-प्राणी चिकित्सा दल द्वारा शावक का उपचार किया जा रहा था।
- राज्य स्तरीय शालेय बैण्ड प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल के कैम्पियन स्कूल ग्राउण्ड में किया गया।
- सतना के महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर में सफारी पर्यटकों के भ्रमण के लिए आज से नई दरे लागू की गई है। पर्यटकों के लिए प्रवेश शुल्क में पैदल भ्रमण 25 रूपये एवं जू मुकुन्दपुर की साइकिल द्वारा भ्रमण हेतु प्रति व्यक्ति 40 रूपये निर्धारित की गई है।
- खण्डवा में कलेक्टर के मार्गदर्शन में अटूटखास के ग्राम केलवा में माता चौक मंदिर पर आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल 12 नवंबर को किया जायेगा।

- पन्ना जिले के शाहनगर का कल कलेक्टर सुरेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जनभागीदारी से निर्मित होने वाली  दुकानों का मौके पर पहुंच कर अवलोकन किया और एसडीएम को दुकानों को पूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया।

……………………………